# राष्ट्रीय कार्यशाला

## स्वस्थ एवं शिक्षित महिला, सशक्त राष्ट्र

श्रावण कृष्ण प्रतिपदा एवं द्वितीया विक्रम संवत २०८३

**30–31 जुलाई, 2026**



आयोजन स्थल:

**कृषि विश्वविद्यालय, कोटा (राजस्थान)**

आयोजक

**कृषि विश्वविद्यालय, कोटा (राजस्थान)**

**एवं**

**शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली**

## कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की स्थापना 14 सितम्बर 2013 को दक्षिण-पूर्वी एवं पूर्वी राजस्थान में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई। विश्वविद्यालय आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और किसानोन्मुखी अनुसंधान के माध्यम से कृषि विकास को नई दिशा प्रदान कर रहा है। इसका उद्देश्य कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार में उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा कृषि समृद्धि को बढ़ावा देना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, उद्यमिता और विस्तार सेवाओं के माध्यम से विश्वविद्यालय किसानों, युवाओं एवं ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत है तथा महिला सशक्तिकरण, पोषण, कौशल विकास और सतत ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता देता है।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना 24 मई 2007 को भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा एवं जीवन-मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था के संवर्धन हेतु की गई। न्यास का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम बनाना है। यह मूल्य-आधारित शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, भारतीय ज्ञान परंपरा, वैदिक गणित, पर्यावरण शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा तथा भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन जैसे विविध क्षेत्रों में सक्रिय है। देशभर में संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शोध परियोजनाओं एवं जन-जागरण अभियानों के माध्यम से न्यास भारतीय दृष्टि पर आधारित शिक्षा के प्रसार हेतु निरंतर कार्यरत है।

## कार्यशाला का परिचय

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में नारी को सृजन, संस्कार एवं शक्ति का प्रतीक माना गया है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसकी महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सहभागिता पर निर्भर करती है। स्वस्थ एवं शिक्षित महिला न केवल परिवार बल्कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होती है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ''स्वस्थ एवं शिक्षित महिला, सशक्त राष्ट्र'' विषय पर आयोजित यह राष्ट्रीय कार्यशाला महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक विकास के विविध आयामों पर सार्थक विमर्श का मंच प्रदान करेगी।

## उद्देश्य

इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण से जुड़े विविध पक्षों पर गहन विचार-विमर्श कर व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करना तथा नीति एवं समाज के बीच संवाद स्थापित करना है।

## प्रमुख विषय

- आहार, विहार और महिला
- महिला एवं मानसिक स्वास्थ्य
- शिक्षित महिला एवं स्वास्थ्य जागरूकता
- योग, प्राणायाम एवं ध्यान
- कृषि में महिलाओं की भूमिका
- मातृ एवं शिशु पोषण सुरक्षा

## शोध-पत्र आमंत्रण

शिक्षाविदों, शोधार्थियों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, नीति-निर्माताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से उपर्युक्त विषयों अथवा संबंधित क्षेत्रों में मौलिक शोध-पत्र, हिन्दी लेख, सफलता की कहानियाँ एवं पोस्टर आमंत्रित हैं।

## शोध-पत्र प्रस्तुति निर्देश

- शोध-पत्र/लेख हिंदी में स्वीकार किए जाएंगे। इस हेतु कृतिदेव-10 फॉन्ट का ही प्रयोग करें।
- सारांश अधिकतम 300 शब्दों का हो।
- पूर्ण शोध-पत्र 3000-5000 शब्दों के मध्य हो।
- संदर्भ APA/MLA शैली में दें।
- शोध-पत्र/लेख ईमेल directorhrdaukota@gmail.com पर भेजें ।
- चयनित शोध-पत्रों का प्रकाशन कार्यवाही (Proceedings) में किया जाएगा।

## पुरस्कार

कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषयगत श्रेणियों के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र प्रस्तुति पुरस्कार एवं सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे ।

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| गतिविधि | तिथि |
|---|---|
| सारांश प्राप्ति की अंतिम तिथि | 18 जुलाई, 2026 |
| स्वीकृति सूचना | 20 जुलाई, 2026 |
| पूर्ण शोध-पत्र प्राप्ति | 22 जुलाई, 2026 |
| पंजीकरण की अंतिम तिथि | 25 जुलाई, 2026 |
| कार्यशाला आयोजन | 30-31 जुलाई, 2026 |

## पंजीकरण शुल्क

| प्रतिभागी वर्ग | शुल्क (₹) |
|---|---|
| शिक्षक/वैज्ञानिक | 600.00 |
| शोधार्थी | 300.00 |
| विद्यार्थी | 300.00 |
| उद्योग/अन्य प्रतिभागी | 600.00 |

पंजीकरण फॉर्मः https://forms.gle/Xdr44q4X9Coxjx9Q9

### पंजीकरण शुल्क जमा करने हेतु बैंक विवरण

खाता धारक : Director, HRD, A.U., Kota

खाता संख्याः 43715612129

बैंकः State Bank of India (SBI), Borkhera, Kota

IFSC Code : SBIN0032394

SCAN QR AND PAY

AGRICULTURE UNIVERSITY
MID – 022211900662024
TID – YM633425

## आधिकारिक भाषा

कार्यशाला की आधिकारिक भाषा हिन्दी होगी ।

## शैक्षणिक एवं स्थानीय भ्रमण

कार्यशाला के प्रतिभागियों के लिए कोटा के प्रमुख शैक्षणिक, कृषि एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण प्रस्तावित है।

## संरक्षक

**डॉ. विमला डूंकवाल**
कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

**डॉ. अतुल कोठारी**
राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली

## सह-संरक्षक

**प्रो. निलांबरी दवे**
राष्ट्रीय महिला संरक्षक

**सुश्री शोभा पैठणकर**
राष्ट्रीय महिला कार्य संयोजक

## संयोजक

**प्रो. विशाला शर्मा**
पश्चिम क्षेत्र
महिला कार्य संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

**प्रो. गायत्री स्वर्णकार**
राजस्थान क्षेत्र, महिला कार्य संयोजक
शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

## सह-संयोजक

**प्रो. सुनीता पांडे**
आचार्य, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

**डॉ. ज्योति कँवर**
सह आचार्य, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## आयोजन समिति

डॉ. बी. एल. ढाका
श्रीमती अंजू गोयल
श्री अरुण चौहान

डॉ. डी. के. सिंह
डॉ. चमन जादौन
डॉ. शीतल कुमारी
श्रीमती स्नेहलता शर्मा

प्रो. मनु गोस्वामी
डॉ. नीतू मेहता
श्री सुरेश राठौर

## सलाहकार समिति

- श्री तारा चन्द गोयल, अध्यक्ष, श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा
- प्रो. पंकज मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
- प्रो. सविता सेंगर, राष्ट्रीय सह सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
- प्रो. अनिल राय, कुलगुरु, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर
- प्रो. के. एस. ठाकुर, कुलगुरु, गोविंद गुरू जनजातिय वि.वि., बांसवाड़ा
- प्रो. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, क्षेत्र संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
- प्रो. चंद्रशेखर कच्छावा, क्षेत्र संयोजक राजस्थान, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
- प्रो. राजीव सक्सेना, जयपुर प्रांत अध्यक्ष, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
- श्री नितिन कासलीवाल, क्षेत्र सह संयोजक, राजस्थान
- श्री श्याम शर्मा, प्रबंध निदेशक, भारत विकास परिषद, कोटा
- डॉ. अशोक गुप्ता, पूर्व प्राचार्य , उच्चा शिक्षा, राजस्थान
- प्रो. मीनू महेश्वरी, आचार्य, कोटा विश्विधालय, कोटा
- श्रीमती मनीषा तिवारी, कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
- श्री महेश चन्द मीणा, वित्त नियंत्रक, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
- डॉ. एम. सी. जैन, निदेशक अनुसंधान, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
- डॉ. महेंद्र सिंह, निदेशक, प्रसार शिक्षा, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
- श्री विजय सिंह, निदेशक, आत्मा, जयपुर
- श्री एस. एल. जांगिड़, उपनिदेशक, राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, कोटा
- श्री रामप्रसाद शर्मा, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, कोटा

## संपर्क सूत्र

**श्रीमती मधुलता भास्कर**
कृषि विश्वविद्यालय
कोटा ( राजस्थान )
मोबाइल: 9460415069 / ई-मेल : hrdauk@gmail.com

**प्रो. गायत्री स्वर्णकार**
राजस्थान क्षेत्र, महिला कार्य संयोजक
शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास
मोबाइल : 9414160814 / ई-मेल : gswarn9@yahoo.co.in

**श्री अरुण चौहान**
सह कोषाध्यक्ष, सेवा भारती, चित्तोड़ प्रांत
मोबाइल : 9887274595

**श्री सुरेश राठौर**
उप प्राचार्य, शिक्षा विभाग, राजस्थान
मोबाइल : 9413987367